दैनिक भास्कर बुरहानपुर 26-09-2025

प्लास्टिक सर्जरी और सौंदर्य चिकित्सा निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

अब तक महानगरों तक सीमित रही प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सुविधाएं अब जिले में भी उपलब्ध हो रही हैं। नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल की पहल पर जिले के सर्व सुविधायुक्त निजी अस्पताल के सहयोग से प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी पर निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विख्यात प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. स्वाति जैन और इमरजेंसी मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेश्वर जायभाये ने रोगियों का परीक्षण कर परामर्श दिया।

सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा ने कहा कि आधुनिक समय में प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह जन्मजात विकृतियों से लेकर गंभीर

दुर्घटनाओं के बाद पुनर्निर्माण तक जीवन को नई दिशा देती है। ऐसे शिविरों से आमजन को बड़े शहरों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया ग्रामीण और छोटे कस्बों में प्लास्टिक सर्जरी को लेकर जागरूकता बहुत कम है। इस शिविर के माध्यम से न केवल बीपी व शुगर की जांच निःशुल्क हुई बल्कि लोगों को प्लास्टिक सर्जरी के विभिन्न आयामों और उपचार की जानकारी भी मिली। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा कि शिविर में नेपा लिमिटेड के अफसर, कर्मियों के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञों से विस्तृत परामर्श प्राप्त किया। शिविर में डॉक्टर मसूद मशरूवाला, मोहन पाटिल, राधा बोरीसा, किरण चौधरी, बबलू कर्ते, कैलाश वर्मा, वेदांत वाघमारे, नफीस शेख, हैरिसन भंडारे, रिजवान शाह, मोहिंदर यादव, प्रमोद पाटिल और ज्योति स्वामी मौजूद थे।

नेपा मिल चिकित्सालय में निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित

नेपा मिल चिकित्सालय में प्लास्टिक सर्जरी और सौंदर्य चिकित्सा पर निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित

दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर। अब तक महानगरों तक सीमित रही प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सुविधाएं

अब जिले में भी उपलब्ध हो रही हैं। नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल की पहल पर जिले के सर्व सुविधायुक्त निजी अस्पताल के सहयोग से प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी पर निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विख्यात प्लास्टिक एंड रिकन्स्ट्रक्टिव सर्जन डॉ.स्वाति जैन और इमरजेंसी मेडिकल विशेषज्ञ डॉ.ज्ञानेश्वर जायभाये ने रोगियों का परीक्षण कर परामर्श दिया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा ने कहा कि आधुनिक समय में प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह जन्मजात विकृतियों से लेकर गंभीर दुर्घटनाओं के बाद पुनर्निर्माण तक जीवन को नई दिशा देती है। ऐसे शिविरों से आमजन को बड़े शहरों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया ग्रामीण और छोटे कस्बों में प्लास्टिक सर्जरी को लेकर जागरूकता बहुत कम है। इस शिविर के माध्यम से न केवल बीपी व शुगर की

जांच निःशुल्क हुई बल्कि लोगों को प्लास्टिक सर्जरी के विभिन्न आयामों और उपचार की जानकारी भी मिली। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा कि शिविर में नेपा लिमिटेड के अफसर-कर्मियों के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया और विशेषज्ञों से विस्तृत परामर्श प्राप्त किया। शिविर में डॉक्टर मसूद मशरूवाला, मोहन पाटिल,राधा बोरीसा,किरण चौधरी,बबलू कर्ते,कैलाश वर्मा,वेदांत वाघमारे,नफीस शेख,हैरिसन भंडारे,रिजवान शाह,मोहिंदर यादव, प्रमोद पाटिल और ज्योति स्वामी मौजूद रहे।